# जहां खेलते है नौनिहाल, वहां हाईवे की नाली टूटकर गड्ढा बनी

## स्कूल प्रबंधन दो माह पहले अनहोनी की अशंका बताकर लिख चुका है पत्र, लेकिन नही हुई सुनवाई

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बहादुरपुर तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन नेशनल हाईवे की गुणवत्ता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं लेकिन न तो प्रशासनिक अधिकारी कोई गंभीरता दिखा रहे और न ही निर्माण कंपनी काम की गुणवत्ता में सुधार कर रही। ऐसे में कंपनी के कुछ निर्माण कार्य तो सीधे खतरे का कारण बन रहे हैं।

ताजा मामला कुकावली गांव का है, जहां एकीकृत शाला परिसर के सामने से गुजरे नेशनल हाईवे पर बनाई गई नाली का स्लैब बीस फीट की लंबाई में ही दो जगह से टूट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली के स्लैब पर जहां से ट्रॉली निकाल दो वहीं से टूट जाता है। बताया गया है कि करीब तीन माह पहले जब एक ओर से



ट्रैक्टर ट्रॉली निकाले गए तो ट्रॉली का पहिया नाली के स्लैब में टूटने से धंस गया, ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से ट्रॉली को बाहर निकाला। वहीं चार दिन पहले जब दूसरी ओर से ट्रॉली निकाली गई तो यहां भी स्लैब टूटकर अंदर घुस गया और ट्रॉली पलटने से बची। ग्रामीणों का कहना है कि स्लैब केवल वहीं मजबूत है, जहां ग्रामीणों ने निर्माण के समय स्वयं के व्यय पर सरिया और सीमेंट लगवाया। चूंकि स्कूल के सामने बने स्लैब में कंपनी ने स्वयं काम किया, इसके लिए यहां गुणवत्ताहीन काम हुआ है।

**रोजाना गुजरते हैं 62 बच्चे, गिरने का खतरा:**
एकीकृत शाला के प्रधानाध्यापक हरिशंकर मखेनिया ने बताया कि करीब तीन माह पहले जब पहली बार नाली का स्लैब टूटने से गड्ढा हुआ था, तब उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को इस गड्ढे से अनहोनी की आशंका बताते हुए पत्र लिखा था। क्योंकि कक्षा एक से आठ तक संचालित इस शाला में कुल 62 बच्चे पढ़ते हैं। इसी परिसर में आंगनवाड़ी केंद्र भी संचालित था। नन्हे मुन्ने बच्चे खेलते समय या नाली पार करते समय इन गड्ढों में गिर सकते हैं। किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**सुमेर में भी टूट गई थी नाली, मरम्मत कराई:** कुकावली के अलावा नजदीकी ग्राम सुमेर में भी नाली की स्लैब दो जगह टूट गई थी। सुमेर में एक जगह नाली पर ट्रॉला पलटने से तो एक जगह यात्री बस का पहिया आ जाने से स्लैब टूट गई थी हालांकि कंपनी ने कुछ दिनों पहले इसकी मरम्मत करा दी है। वहीं बहादुरपुर में भी पुलिस थाने के पास नाली का स्लैब धंस गया है। बहादुरपुर में तो अधिकांश लोगों ने नाली बनते समय मजबूती के लिए स्वयं ही सीमेंट और सरिया लगवाया था।



# पॉस्को एक्ट एवं मारपीट में फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नईसराय पुलिस मारपीट एवं पास्को एक्ट में 5 साल से फरार चले बारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्थाई एवं गिरफ्तारी वारण्टों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में नईसरांय पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं मारपीट के प्रकरणों में 5 वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि थाना नईसरांय के अपराध क्रमांक 149/19 घारा 376,363, 506(2) भादवि पॉक्सो एक्ट एवं 3(2) 5 व्हीए, 3(2) 5 एससी एसटी एक्ट एवं अपराध क्रमांक 63/19 धारा 323,294, 506, 34 भादवि 3(1)द, 3(1)ध, 3(2) 5 व्हीए एससीएसटी एक्ट के आरोपी स्थाई वारंटी पवन पुत्र धीरज सिंह कुशवाह एवं धीरज सिंह पुत्र लल्लीराम कुशवाह ग्राम सांदोह हाल निवासी ईदगाह वाड़ी थाना कोतवाली जिला गुना को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक तूफान सिंह, देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, भरत यादव, अशोक सिंह रघुवंशी, राजेश धाकड़, आरक्षक नवीन रघुवंशी, सुनील मीणा, सत्यवीर राय एवं महिला आरक्षक राखी कंवर की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ 22 से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

**नवभारत अशोकनगर।** युगल सरकार मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा सरस संगीत में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 22 जनवरी को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। यह कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ यादव कॉलोनी श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा विधि बत पूजन होकर बायपास रोड होते हुए शनि देव मंदिर, पछाड़ी खेड़ा रोड एवं अस्पताल चौराहा से ईसागढ़ रोड होते हुए श्री युगल सरकार मंदिर पर पहुंचेगी, जहां पर कलश स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। तो वहीं को कथा का समापन अवसर पर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### मोहरीराय खेल स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

**नवभारत अशोकनगर।** 26 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन खेल स्टेडियम मोहरीराय नवीन कृषि उपज मंडी समिति के पास अशोकनगर में होगा। उल्लेखनीय है कि इस पहले मुख्य समारोह को कई स्थानों पर चर्चा की गई और उसके बाद मोहरी के खेल मैदान पर मोहर लगाई, जिसके बाद गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह मोहरीराय खेल मैदान पर आयोजित किया जावेगा।

### एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं परख पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने हेतु तैयार किए गए एकल सेवा पोर्टल एमपी ई–सेवा पोर्टल का प्रशिक्षण जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों को ई–दक्ष केंद्र में आयोजित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक 56 विभागों की 500 से अधिक सेवाओं हेतु आवेदन कर सकते । समग्र आईडी के माध्यम से अपनी पात्रता की जांच कर सकता है एवं विभिन्न जारी प्रमाण पत्रों को डाउनलोड कर सकता है ।

# समय पर हों गणतंत्र दिवस की तैयारियां

## समयावधि के पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिये निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शासन की मंशानुरूप शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयावधि के पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिला अधिकारी संस्थागत इकाईयां का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करायें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत विभागीय ग्रेडिग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि फाइनल ग्रेडिग के पूर्व विभागीय अधिकारी विशेष ध्योन दें। संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विभागीय प्रगति की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि अधिकारी अपने–अपने विभाग के तहत योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का इंद्राज पोर्टल पर करें। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनावार लाभ दिलाना सुनिश्चित




करें। शासन की नीति तथा योजनाओं के लाभ से कोई अछूता न रहे। उन्होंने विभिन्न मदों में विभागवार बजट तथा टेण्डर प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समीक्षा कर बजट का सदुपयोग तथा टेण्डर की नियमानुसार प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

**केन्द्रीय मंत्री का प्रस्तावित भ्रमण माह फरवरी में:**
केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में जिले में रहेगा। साथ ही दिशा की बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक के आयोजन हेतु सभी विभाग अपनी–अपनी तैयारी पूर्ण रखें।

**प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित समितियों की बैठकों का करें आयोजन:**
बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला तथा ब्लॉक स्तर पर गठित समितियों की बैठकों का आयोजन विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जाए। इस कार्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जन आरोग्य समितियों का गठन किया जाकर बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

**गणतंत्र दिवस की तैयारियां समय पर हो:**
बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक व्यनवस्थाएं समय से पूर्ण कराई जाए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण सहित गणतंत्र दिवस के आयोजन की बेहतर व्यवस्थाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वृंदावन ग्राम तथा क्षीरधारा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वन ग्रामों में क्षीर धारा योजना के संचालन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कृषि फॉर्मर आई.एग्री.स्टेट,पीएम किसान सम्मांन निधि की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पोषण ट्रेकर एप, आंगनवाडी केन्द्रों का युक्ति युक्तकरण,बस्ती विकास के तहत निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यिक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,संयुक्त कलेक्टर आरबी.सिण्डोस्कर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के द्वितीय चरण 19 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक किया गया है। शासन के निर्देशानुसार सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर अशोकनगर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया गया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। श्रीमद भागवत कथा कि कलश यात्रा निकाली गई जो श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर जगदीश स्वामी मंदिर से शुरू हुई।**

जिसमें कलश यात्रा में भजनों पर झूमते गाते शहरवासियों के साथ बालिका पुरुष महिलाएं अपने अपने सर पर गंगा जल से भरे कलश रख कर कथा स्थल हीरो शोरूम स्टेशन रोड़ पर लेकर स्थापित की गई। जिसमें जेना परिवार द्वारा यह कथा का आयोजन अपने निज निवास पर कियाजा रहा है। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक हो कथा वाचिका पूज्य प्रीती देवी के मुखारबिंद से की जा रही हैद्य। जिसमे शनिवार को भजन संध्या



का आयोजन भी किया गया था, जिसमें कैला मैया का भव्य विशाला दरबार सजा कर जागरण में भक्ति का अनूठा संगम भक्तों ने सुना और भक्त जन देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। जिसमें कैला मैया की आरती की गई। गायकों द्वारा माता के भजनों पर परिवार के साथ जागरण में शामिल सभी लोगों को नृत्य किया। तो वही सोमाबर को कलश यात्रा स्थापना के बाद संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन कथा के महात्म प्रसंगतिता और प्रथम श्लोक के अर्थ पर केंद्रित होता है जिसमें बताया कि यह कथा जन्म–मरण के चक्र से मुक्ति दिलाकर अभय प्रदान करती है तथा इसके श्रवण से प्राणी दुखों से पार पा सकता है।

# जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 30 को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला स्तर पर 30 जनवरी को रघुवंशी धर्मशाला बायपास रोड अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से रघुवंश शिक्षा परिषद जिला अशोकनगर के सौजन्य से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस संबंध में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार, उच्च शिक्षा विभाग आदि शामिल है।

# अस्पताल की सुरक्षा के लिए बढ़ाए जाएं कैमरे एवं सुरक्षा गार्ड

**स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न**

**बैठक में मौजूद रहे स्वास्थ्य अधिकारी**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय अशोकनगर में सोमवार को स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, मुख्य चिकित्सां एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन भूपेन्द्र सिंह शेखावत, एसडीओ लोक निर्माण विभाग अशोक



गुप्ता,चिकित्सीय स्टा्फ उपस्थित थे।

बैठक में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड बढाये जाने तथा सीसीटीव्ही कैमरों की संख्या बढाई जाकर सतत मॉनीट्रिंग हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय परिसर में रोगियों एवं उनके परिवारों के लिय सहायता केन्द्र व्यवस्थि संचालित किये जाने तथा असामाजिक तत्वों की जिला चिकित्सालय में प्रवेश पर सख्त निगरानी रखे जाने की पहल की गई। सुरक्षा की दृष्टि से होमगार्ड सैनिक की डयूटी लगाये जाने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय में आलार्म सिस्टम लागू करवाकर मॉकड्रिल कराये जाने, महिला प्रसाधन के लिये ओटी के बाहर टायलेट बनवाये जाने, अस्पताल में प्रायवेट लैब बाले सेंपल लेने के लिये आने वालों पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निर्णय लिया गया। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ एक व्यक्ति को अंदर आने तथा अन्य अटेण्डरों को बाहर रखे जाने के लिये आदेशित किया गया। रात्रिकालीन डयूटी के लिये एम्बूलेंस उपलब्ध है जिसके उपयोग हेतु आदेशित किया गया।

**आयोजन** | **तीन दिवसीय खेलों एमपी यूथ गेम्स का समापन**

# देहात थाना प्रभारी ने बच्चों संग खेला टेबिल टेनिस

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में युवाओं को खेलों के जोड़ने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन कराया गया। जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह] पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय तीन दिवसीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। सोमवार को खेल आयोजन के तीसरे दिवस पर चंदेरी रोड स्थित नवीन इनडोर खेल परिसर में योगासन एवं टेबल टेनिस के आयोजन संपन्न कराए गए। मुख्य अतिथि भुवनेश शर्मा थाना प्रभारी देहात उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ




टेबल टेनिस भी खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगिता में चारों ब्लॉकों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। यह प्रतियोगिता 17 जनवरी से शुरू होकर 19 जनवरी 6 को संपन्न हुई। इसके अंतर्गत कबड्डी, खो खो, हॉकी, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स योगासन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, बैडमिंटन, पिट्ठू, शतरंज आदि के आयोजन करवाए गए। जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला स्तर के पश्चात चुने गए खिलाड़ी संभाग स्तर पर सहभागिता करेंगे। इनडोर स्टेडियम में योगासन एवं टेबल टेनिस के आयोजन हुए। योगासन में बालक वर्ग में ओम शर्मा प्रथम, केसर यादव द्वितीय एवं देवांश शर्मा तृतीय रहे। तो वहीं बालिका वर्ग में आयुषी यादव प्रथम, वैदिक का रघुवंशी द्वितीय और शिवन्या शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार टेबल टेनिस में विश्वजीत सिंह सिंगर चंदेरी काव्यांश जैन, नितिन साहू अशोकनगर, देव श्रीवास्तव चंदेरी, तरुण तिवारी चंदेरी एवं मृत्युंजय कोली चंदेरी का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ। आयोजन के अंत में खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओपी शर्मा जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं महेंद्र यादव अध्यक्ष योग समिति उपस्थित रहे।




# 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर भोपाल में किया गया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** आईएएस संतोष वर्मा को न्याय दिलाने एवं 13 परसेंट होल्ड हटाने एवं 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, जातिगत जनगणना कर सभी जाति वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी देने की मांग को लेकर विगत दिनों भोपाल के दशहरा मैदान में SC/ST/OBC संयुक्त मोर्चा के तत्व धान में आंदोलन किया गया।

जिसमें ओबीसी महासभा के राष्ट्र को कमेटी सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ. बृजेंद्र सिंह यादव, महेंद्र सिंह लोधी, धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, पुष्पराज सिंह पटेल, लोकेंद्र सिंह गुर्जर, राष्ट्रीय सचिव नारायण प्रजापति, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, भोपाल जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम लोधी, हुकम सिंह कुशवाह, आईटी सेल प्रभारी अंकित यादव, प्रदेश कार्यालय प्रभारी कामदेव कुशवाह सहित पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# भौराखाती में ग्रामोदय से अभ्युदय के तहत हुए पारंपरिक खेल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर के सेक्टर 3 तूमेंन ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत पंचायत भवन भौराखाती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बलबीर यादव उपस्थित रहे। तो वहीं ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तो वहीं नवांकुर संस्था अक्षर पीठ के कुमार संभव ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम का संचालन करते हुए नवांकुर और प्रस्फुटन समितियों के कार्यों को विस्तार पूर्वक रखा।

इस दौरान ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा सभी को बताते हुए कहा की ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश,मप. सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमें सभी गांव को जोड़ना है गांव की छवि को सुधारना है, गांव में छुपी प्रतिभाओं को खोजना है हमारा देश गांव का देश है जिसमें कई प्रकार के लघु उद्योग स्थापित रहे हैं इनको बढ़ावा देना है जिससे गांव उन्नत हो सके। नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण ,जैविक खेती, सामूहिक परिवार को बढ़ाने के लाभ गांव की चौपाल के माध्यम से लोगों को जोड़ना तथा जागरूक करने का संदेश हमें देना है इस प्रकार जन अभियान परिषद की रूपरेखा सबके समझ प्रस्तुत की गई।

वहीं मुख्य वक्ता बलवीर यादव द्वारा बताया गया कि स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र देव था वे बचपन से जिज्ञासी रहे उन्होंने मंदिरों में पूजा करने वाले पुजारी और लोगों से पूछा कि आपने भगवान को देखा है तो सभी ने उत्तर दिया नहीं।